भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
18.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3806 का उत्तर

रेल सुरक्षा बल

3806. श्री वी. के. श्रीकंदन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने जोनल प्रशिक्षण केन्द्रों के उन्नयन और आधुनिकीकरण हेतु रेल सुरक्षा बल के लिए करोड़ों रुपये का अनुदान प्रदान किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त बल को उपरोक्त के अलावा अतिरिक्त निधि भी स्वीकृत की गई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या आरपीएफ कार्मिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें बुलेटप्रूफ जैकेटों और उन्नत हेलमेट सहित उन्नत सुरक्षात्मक गियरों से युक्त किया जाएगा;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार आरपीएफ में सभी रिक्त पदों को भरने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो भरे जाने वाले संभावित पदों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(छ) क्या भर्ती कार्य को शीघ्रता से पूरा करने के लिए कोई अभियान शुरू किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (छ): रेल सुरक्षा बल/रेल सुरक्षा विशेष बल कार्मिकों की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक केन्द्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान और 12 क्षेत्रीय संस्थान हैं। ये संस्थान रेल सुरक्षा बल में विभिन्न रैंकों के कार्मिकों को प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। इसके

अतिरिक्त, इस संस्थानों द्वारा सुरक्षा कार्मिकों के कौशल उन्नयन के उद्देश्य से पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, अभिउन्मुखी पाठ्यक्रम और अन्य पाठ्यक्रमों संबंधी प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 के दौरान, रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) के केंद्रों सहित रेलवे प्रशिक्षण केंद्रों के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए कुल 1443 करोड़ रुपए की लागत से समेकित कार्यों को मंजूरी दी गई है।

इसके अलावा, हाल ही में आरपीएफ पोस्ट/आऊट पोस्ट में सीसीटीवी लगाने और आरपीएफ बैरकों/कार्यालय भवनों आदि के निर्माण/प्रतिस्थापन/संशोधन/उन्नयन के लिए कुल 600 करोड़ रुपए की लागत के समेकित कार्यों को मंजूरी दी गई है।

निर्भया फंड के तत्वावधान में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमओडब्ल्यूसीडी) द्वारा 7 स्टेशनों पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आधारित चेहरे की पहचान की प्रणाली की स्थापना के लिए 33.6 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं, ताकि आरपीएफ को संदिग्धों, लापता व्यक्तियों अथवा आपराधिक रिकॉर्ड वाले व्यक्तियों की रियल टाइम पहचान करने में सक्षम बनाया जा सके।

सुरक्षा बल कर्मियों के लिए आधुनिक सुरक्षा उपकरणों और सुरक्षात्मक गियर का प्रापण और आपूर्ति सतत् प्रक्रिया है। वर्तमान तिथि तक सुरक्षा बल कार्मिकों 10,759 बुलेटप्रूफ जैकेट और 12,247 हेलमेट मुहैया कराए गए हैं।

रेल सुरक्षा बल/रेल सुरक्षा विशेष बल में सेवानिवृत्ति, पदोन्नति, मृत्यु, त्यागपत्र आदि के कारण रिक्तियों का होना और उन्हें भरा जाना सतत् प्रक्रिया है। इन्हें मौजूदा नियमों के अनुसार खुली भर्ती और विभागीय पदोन्नतियों के माध्यम से भरा जाता है।

इसके अतिरिक्त, आरपीएफ/आरपीएसएफ में रिक्तियों को भरने के लिए रेलवे भर्ती बोर्डों (आरआरबी) द्वारा उप-निरीक्षकों के 452 पदों और कांस्टेबलों के 4208 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचनाएं जारी की गई हैं।

*****